smc
Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 27 सितम्बर 2019

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
इलायची (अक्टूबर)	15-अक्टूबर-19	2982.50	साइडवेज	16.09.19	3138.00	-
इलायची (नवम्बर)	15-नवम्बर-19	2726.80	साइडवेज	16.09.19	2804.40	-
धनिया (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	5655.00	मंदी	22.07.19	6811.00	**6000.00**
धनिया (नवम्बर)	20-नवम्बर-19	5786.00	मंदी	22.07.19	6894.00	**6100.00**
जीरा (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	16740.00	मंदी	02.08.19	17075.00	17250.00
जीरा (नवम्बर)	20-नवम्बर-19	16575.00	मंदी	20.09.19	16585.00	16900.00
हल्दी (अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	6232.00	मंदी	22.08.19	6886.00	6350.00
हल्दी (नवम्बर)	20-नवम्बर-19	6264.00	मंदी	22.08.19	6804.00	6350.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ (सितम्बर)	30-सितम्बर-19	547.40	मंदी	05.09.19	556.80	560.00
सीपीओ (अक्टूबर)	31-अक्टूबर-19	551.00	मंदी	05.09.19	560.00	565.00
रिफाइंड सोयातेल(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	764.55	तेजी	16.09.19	766.50	752.00
रिफाइंड सोयातेल(नवम्बर)	20-नवम्बर-19	762.55	तेजी	16.09.19	760.30	750.00
आर एम सीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	4006.00	तेजी	25.09.19	4019.00	3945.00
आर एम सीड(नवम्बर)	20-नवम्बर-19	4069.00	तेजी	25.09.19	4080.00	3990.00
सोयाबीन(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	4022.00	तेजी	26.08.19	3562.00	3840.00
सोयाबीन (नवम्बर)	20-नवम्बर-19	3793.00	तेजी	09.08.19	3652.00	3700.00

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
कैस्टरसीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	5348.00	मंदी	25.09.19	5570.00	**5600.00**
कैस्टरसीड(नवम्बर)	20-नवम्बर-19	5424.00	मंदी	25.09.19	5650.00	**5720.00**
कॉटनऑयलसीडकेक(दिसम्बर)	18-दिसम्बर-19	2094.50	मंदी	13.09.19	2098.50	2150.00
कॉटनऑयलसीडकेक(जनवरी)	20-जनवरी-20	2062.50	मंदी	20.09.19	2096.50	2110.00
ग्वारसीड(अक्टूबर)	18-अक्टूबर-19	4003.00	मंदी	22.08.19	4286.00	4200.00
ग्वारसीड(नवम्बर)	20-नवम्बर-19	4044.50	मंदी	22.08.19	4276.50	4220.00
मेंथा तेल(सितम्बर)	30-सितम्बर-19	1249.10	मंदी	23.09.19	1245.20	1280.00
मेंथा तेल(अक्टूबर)	31-अक्टूबर-19	1265.80	मंदी	23.09.19	1262.20	1300.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेन्दू	3050.00	3000.00	1.67
धनिया	कोटा	6175.20	6373.30	-3.11
जीरा	ऊंझा	16927.60	17021.40	-0.55
हल्दी	निजामाबाद	6304.55	6327.25	-0.36

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (अक्टूबर) की कीमतों को 6300 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। इसका कारण यह है कि प्रमुख उत्पादक राज्यों में बेहतर बारिश के कारण मौजूदा 2019-20 (जुलाई-जून) सीजन में उत्पादकता अधिक रहने का अनुमान है। हाजिर बाजार में सुस्त मांग और पर्याप्त आवक से भी कीमतों में गिरावट हो सकती है। इरोड टर्मरिक मर्चेंट्स एसोसिएशन सेल्स यार्ड में, फिंगर वेराइटी की कीमतें 5659-7014 रुपये और रूट वेराइटी की कीमतें 5159-6799 रुपये के दायरे में बिक रही हैं। 1132 बैग हल्दी की आवक में से केवल 500 बैग की बिक्री हुई है। इरोड कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोयाइटी में फिंगर वेराइटी की कीमतें 5829-6630 रुपये और रूट वेराइटी की कीमतें 5150-6399 रुपये के दायरे में बिक रही हैं। जीरा वायदा (अक्टूबर) की कीमतों को 17100 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है क्योंकि कीमतों में सेंटीमेंट अभी भी नरमी का है। जीरा के सबसे बड़े उत्पादक गुजरात में अच्छी बारिश ने आगामी सीजन में उत्पादन का अनुमान हैं। घरेलू खरीदारों की सुस्त मांग और पर्याप्त स्टॉक के कारण ऊंझा में कीमतों में नरमी देखी जा रही हैं। धनिया वायदा (अक्टूबर) की कीमतें 5400 रू तक लुढ़क सकती हैं। स्टॉकिस्टों की ओर से सुस्त खरीददारी और बढ़ी हुई आवक के कारण कीमतों में नरमी का सेंटीमेंट है। रूस और यूक्रेन से आयात में वृद्धि की रिपोर्ट और राजस्थान में बारिश की अच्छी प्रगति के कारण आगामी रबी सीजन में बुवाई में वृद्धि की संभावना से भी कीमतों पर दबाव पड़ रहा है।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	549.50	547.00	0.46
आरएम सीड	जयपुर	4207.65	4188.65	0.45
रिफाइंड सोयातेल	मुंबई	750.15	748.90	0.17
सोयाबीन	इंदौर	4178.00	4110.00	1.65

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 3980-4045 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। हाल के हफ्तों में मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में हुई लगातार बारिश ने इस सीजन में अच्छे उत्पादन की उम्मीद को कम कर दिया है। देर से बुवाई के कारण सोयाबीन की फसलों में अभी से फल लगना शुरू ही हुआ था। होशंगाबाद, मंदसौर, इंदौर, उज्जैन, नीमच, रतलाम और अन्य स्थानों पर व्यापक जलमग्नता के कारण यह पीला हो गया है और सोयाबीन की खड़ी फसल के पुनरुद्धार की कोई संभावना नहीं है। सीबोट में, यू.एस. सोयाबीन वायदा की कीमतों में आज गिरावट हुई है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा चीन के साथ जल्दी ही व्यापार करार हो जाने की संभावना से कीमतें बढ़त की ओर अग्रसर है। चीन ने अमेरिकी टैरिफ का मुकाबला करने के लिए कई आयातकों को नया छूट प्रदान किया है। सीबोट में सोयाबीन वायदा की कीमतों में 0.5% की बढ़ोतरी हुई है जबकि इस हफ्ते में 1.8% की बढ़ोतरी हुई है। सोया तेल वायदा (अक्टूबर) की कीमतों को 759 के स्तर पर सपोर्ट रहने की संभावना है। मध्य प्रदेश में सोयाबीन की खड़ी फसल को लेकर चिंता के साथ ही अगले महीने त्योहारों से पहले मांग में बढोतरी होने के कारण सेंटीमेंट काफी बेहतर हो गया हैं। सीपीओ वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के 549-554 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। रिंगिट के कमजोर होने के कारण बीएमडी में पॉम ऑयल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई हैं और कीमतें 1% की बढ़त के साथ बंद हुई हैं। मलेशिया द्वारा 1 अक्टूबर से आरबीडी पॉम कर्नेल ऑयल पर निर्यात शुल्क में छूट के कारण कीमतों को मदद मिली।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	3400.65	3405.30	-0.14
कॉटन	कड़ी	19720.20	19648.50	0.36
चीनी एम	कोल्हापुर	3647.60	3657.15	-0.26
गेहूं	दिल्ली	2188.15	2187.50	0.03

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 19500-19700 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। बाजार वर्ष 2019-20 (अक्टूबर-सितंबर) में भारत में कपास उत्पादन 36.8 मिलियन बेल होने का अनुमान है जो मौजूदा वर्ष के उत्पादन 32.0 मिलियन बेल के बाजार अनुमान से लगभग 12-15% अधिक होगा। इस साल कारोबारियों को काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अभी तक फसल की स्थिति अच्छी है, कीटों के संक्रमण की कोई खबर नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से चल रहे व्यापार विवाद के कारण मांग में कमी बरकरार रहने के कारण अमेरिकी कॉटन वायदा की कीमतों में दो हफ्ते के निचले स्तर पर गिरावट हुई है। आईसीई में कॉटन दिसम्बर वायदा की कीमतें 0.73% की गिरावट के साथ 60.01 सेंट पद बंद हुई हैं। चना वायदा (अक्टूबर) की कीमतों के बढ़त के साथ 4280-4380 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। मध्य प्रदेश में भारी बारिश के कारण खड़ी फसलों को नुकसान की खबरों से बाजार के सेंटीमेंट को मदद मिली है। ऐसी खबर है कि हाल के हफ्तों में भारत में मानसूनी बारिश लगातार तीसरे हफ्ते औसत से अधिक हुई है, जिससे देश के मध्य भाग के कई जिलों में बाढ़ आ गई और फसलों को, प्रमुख रूप से दालों को, नुकसान पहुंचा है। कैस्टर सीड वायदा(अक्टूबर) की कीमतों में 5300 रू के स्तर पर सपोर्ट के साथ रिकवरी हो सकती है। 27 सितम्बर से कैस्टरसीड के लांग और शॉर्ट पोजिशन पर 5% अतिरिक्त मार्जिन लगा दिया है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।